जेबीआईटी में इंडस्ट्री एकेडमी मीट आयोजित

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

छात्रों को औद्योगिक जगत की दीं विशिष्ट जानकारियां

dehradun@inext.co.in

DEHRADUN (16 April): जेबी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में इंडस्ट्री एकेडमी मीट का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ ओंकार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ ओंकार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन का आयोजन छात्र हित में बहुत जरूरी है. इससे छात्रों को औद्योगिक जगत की विशिष्ट जानकारियां प्राप्त होंगी.

'टेक्नोलॉजी को प्रयोग कर सुधारें मानव जीवन'

इस अवसर पर गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज उत्तर प्रदेश के हेड डॉ राहुल सिंह ने स्टूडेंट्स से कहा कि आज का समय टेक्नोलॉजी का समय है. इस टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर आम जनमानस के जीवन स्तर में काफी सुधार ला सकते हैं. इस मीट में संस्थान के सेक्रेटरी रजत सिंघल, निदेशक डॉ पीके चौधरी निदेशक आईक्यूएसी डॉ एम के अरोड़ा, रजिस्ट्रार डॉ विशांत कुमार ट्रेनिंग प्लेसमेंट हेड विकास चमोली के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे.